समीक्षा बैठक लेते कृषि मंत्री सुबोध उनियाल।

संक्षिप्त समाचार

बंशीधर भगत ने स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दीं

संवाददाता देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक बंशीधर भगत ने स्वतंत्रता दिवस पर देश व प्रदेश वासियों को बधाई व शुभ कामनाएँ दी। भगत ने अपने संदेश में कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों व आजादी के आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वालों को याद करते हुए अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। भगत ने कहा कि कोविड महामारी के खिलाफ चल रही हमारी लड़ाई, महामारी पर नियंत्रण तक जारी रहेगी, यह भी हमारा संकल्प है।

एनईपी हर पूर्वाग्रह से मुक्त हैः शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे

संवाददाता देहरादून। तमाम स्कूल के प्रिंसिपल, जिला शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और शिक्षक न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 को लेकर हुए पहले वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए. इसका आयोजन उत्तराखंड के दून के राजीव गांधी नवोदय विद्यालय से 11 अगस्त 2020 किया गया था, जिसमें माननीय शिक्षा मंत्री ने हिस्सा लिया. यह वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम वैल्यूएबल ग्रुप के वी–सैट आधारित टेक्नोलॉजी के माध्यम से हुआ, जिसकी काफी सराहना की गयी।

राज्य सरकार ने ई–प्रणाली को बढ़ावा दिया हैः सीएम

शुभारम्भ

- सीएम ने सदर तहसील कार्यालय में ई–ऑफिस प्रणाली का शुभारम्भ किया
- दून कलेक्ट्रेट के सभागार का भी लोकार्पण किया गया

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास से विकास भवन देहरादून एवं देहरादून सदर तहसील कार्यालय में ई–ऑफिस प्रणाली का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर देहरादून कलेक्ट्रेट के सभागार का भी लोकार्पण किया गया। इस सभागार का नाम ऋषिपर्णा सभागार रखा गया है। अब देहरादून कलेक्ट्रेट के साथ ही विकास भवन, जिला विकास अधिकारी कार्यालय, डीआरडीए कार्यालय एवं सदर तहसील ई–ऑफिस से जुड़ गये हैं।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार ने ई–प्रणाली को बढ़ावा दिया है। इन कार्यालयों के ई–ऑफिस प्रणाली से जुड़ने से कार्यों में पारदर्शिता के साथ गतिशीलता भी आयेगी। सरकार और प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि कार्यप्रणाली का पारदर्शिता के साथ जनकल्याणकारी होना भी

जरूरी है। ई–ऑफिस प्रणाली से जहां कार्यों में तेजी आयेगी, लोगों को अनावश्यक कार्यालयों में नहीं भटकना पड़ेगा। फाइलों की जानकारी भी लोगों को ऑनलाईन प्राप्त होगी। इससे अधिकारियों का समय भी बचेगा और लोगों का धन की बचत भी होगी।

मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि ई–कार्यप्रणाली पर राज्य सरकार का विशेष ध्यान है। राज्य में ई–कैबिनेट शुरू की गई है। सचिवालय में भी 16 ऑफिस ई–ऑफिस से जुड़ चुके हैं। प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया की दिशा में राज्य में अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। डिजिटाईजेशन होने से आज लोगों को अनेक फायदे हो रहे हैं। जनधन खातों में डिजिटल पेमेंट से गरीबों को काफी सुविधा हुई है। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट में जो ऋषिपर्णा सभागार बनाया गया है, यह ऋषिपर्णा नदी की स्वच्छता एवं निर्मलता एवं इसके लिए दिये जा रहे जन सहयोग के लिए याद किया जायेगा। उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध कवि चन्द्र कुंवर बर्तवाल ने ऋषिपर्णा नदी पर एक सुन्दर कविता लिखी थी। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी देहरादून को निर्देश दिये कि उनकी ऋषिपर्णा पर लिखी गई कविता को इस सभागार में लगाया जाय।

जिलाधिकारी देहरादून डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि देहरादून प्रदेश का पहला जनपद है, जहां कलक्ट्रेट एवं विकासभवन ई–ऑफिस से जुड़ चुके हैं। देहरादून के अन्य तहसीलों को भी जल्द ई–ऑफिस से जोड़ा जायेगा।

मुख्य विकास अधिकारी देहरादून सुश्री नितिका खण्डेलवाल ने कहा कि दूसरे चरण में जनपद के सभी विकासखण्डों एवं तृतीय चरण में अन्य कार्यालयों को ई–ऑफिस प्रणाली से जोड़ा जायेगा। इस अवसर मुख्यमंत्री के आईटी सलाहकार श्री रविन्द्र दत्त, एडीएम श्री अरविन्द पाण्डेय , श्री वीर सिंह बुदियाल एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

कृषि मंत्री ने नौथा में एग्रो क्लस्टर फार्म को लेकर ली समीक्षा बैठक

संवाददाता देहरादून। प्रदेश के कृषि मंत्री सुबोध उनियाल ने विधानसभा स्थित सभाकक्ष में, टिहरी गढ़वाल जनपद के नौथा में एग्रो क्लस्टर, फार्म, नौथा के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में एग्रो क्लस्टर स्थापित करने के लिए प्रभावी ढंग से कार्य किया जाय तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गतिमान कार्यों में प्रगति कर एक सप्ताह के भीतर 35 प्रतिशत की सब्सिडी प्राप्त किया जाय। इस योजना में भारत सरकार द्वारा कुल 10 करोड़ रूपये सब्सिडी प्राप्त होगी। प्रथम चरण में 35 प्रतिशत, द्वितीय चरण में 35 प्रतिशत एवं तृतीय चरण में 30 प्रतिशत की सब्सिडी प्राप्त होगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।